# पाठ - 2 वर्ण

## प्रश्न - उत्तर

प्र०-1) वर्ण किसे कहते हैं?

उ०- शब्द कई ध्वनियों से मिलकर बनते हैं। इन ध्वनियों को वर्ण या अक्षर कहते हैं।

प्र०-2) वर्ण के कितने भेद होते हैं?

उ०- वर्ण के दो भेद होते हैं-

वर्ण

स्वर — व्यंजन

प्र०-3) मात्रा किसे कहते हैं?

उ०- व्यंजनों के साथ स्वरों के जो चिह्न होते हैं, उन्हें मात्रा कहते हैं।

प्र०-4) संयुक्त अक्षर कौन- कौन से हैं?

उ०- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ये संयुक्त अक्षर हैं। ये दो व्यंजनों के मेल से बनते हैं —

(क्ष) = क् + ष = क्षमा (ज्ञ) = ज् + ञ = ज्ञानी

(त्र) = त् + र = त्रिकोण (श्र) = श् + र = श्रम



Scanned with CamScanner

एक शब्द में उत्तर दीजिए :-

प्र० -1) भाषा की सबसे छोटी इकाई कौन - सी है?

उ० - वर्ण ।

प्र० - 2) क् + ष के मेल से क्या बनता है?

उ० - क्ष - क्षत्रिय ।

प्र० -3) स्वरों की संख्या कितनी है?

उ० - 11 ।



Scanned with CamScanner

प्र०-4) व्यंजन किसकी सहायता से बोले जाते है ?

उ०- स्वरों ।

प्र०-5) त् + र के मेल से क्या बनता है ?

उ०- त्र - त्रिशूल ।

प्र०-6) व्यंजनों की संख्या कितनी है?

उ०- 33 ।

प्र०-7) श् + र के मेल से क्या बनता है?

उ०- श्र - श्रमिक ।

प्र०-8) वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

उ०- दो ।

प्र०-9) संयुक्त अक्षर कितने होते हैं?

उ०- चार ।

प्र०-10) ज् + ञ के मेल से क्या बनता है?

उ०- ज्ञ - ज्ञान ।



Scanned with CamScanner

नीचे दिए अधूरे शब्दों को स्वर या व्यंजन जोड़कर पूरा कीजिए :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अ नार | 9 | म छली |
| 2 | आ वाज़ | 10 | हि रन |
| 3 | मा ला | 11 | दु कान |
| 4 | जो कर | 12 | खी रा |
| 5 | इ मली | 13 | क छुआ |
| 6 | रे लगाड़ी | 14 | पू रब |
| 7 | ग णेश | 15 | सै निक |
| 8 | सौ दागर | 16 | कृ षक |



Scanned with CamScanner